हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 16 नवंबर 2025

06 आजादी की लड़ाई में वीर पराक्रमी योद्धा भगवान...



09 आवंटित भूमि का मंत्री पंवार ने किया निरीक्षण






### कूट रचित दस्तावेज तैयार कर पटवारियों के सहयोग से आरोपियों ने फर्जी तरीके से करा ली थी जमीन अपने नाम

# सरकारी जमीन का 'बोगस' खेलः 11 एकड़ भूमि को बताया निजी, दो पटवारी सहित 5 पर एफआईआर

कलेक्टर कार्यालय ने जांच के आदेश दिए, जिसमें पता चला कि किसानों के नाम दर्ज कराई गई जमीन का खसरा नंबर ही बोगस था। बिलकीसगंज थाने में मामला दर्ज।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



प्रदेश सरकार के राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा के विधानसभा क्षेत्र में शासकीय भूमि को निजी बनाने का एक और बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। बिलकिसगंज थाना क्षेत्र के गांव रत्नाखेड़ी में दो पटवारियों ने तीन स्थानीय निवासियों के साथ मिलकर 4.451 हेक्टेयर (लगभग 11 एकड़) सरकारी जमीन को धोखाधड़ी कर राजस्व रिकॉर्ड में निजी बता दिया।

मामला तब उजागर हुआ जब जमीन के खरीदारों द्वारा वर्षों तक नामांतरण न हो पाने के बाद पीड़ित पक्ष ने शिकायत की। कलेक्टर कार्यालय ने जांच के आदेश दिए, जिसमें पता चला कि किसानों के नाम दर्ज कराई गई जमीन का खसरा नंबर ही बोगस था। कलेक्टर के सख्त निर्देश पर बिलकिसगंज पुलिस ने इस जालसाजी में शामिल दो पटवारियों सहित कुल पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

**क्या है पूरा मामला :** मामला वर्ष 2003 से 2005 के बीच का है। सीहोर तहसीलदार की ओर से प्रस्तुत प्रतिवेदन के अनुसार अनावेदक इकरार अहमद, अनसार अहमद और निसार अहमद (सभी रत्नाखेड़ी निवासी) ने तत्कालीन पटवारियों हरिसिंह चौहान और जितेंद्र कौशल के सहयोग से कूटरचित दस्तावेज तैयार किए।

इन्होंने ग्राम रत्नाखेड़ी की शासकीय भूमि के तीन खसरा नंबर खसरा क्रं. 67/3 रकबा 1.214 हेक्टेयर, खसरा क्रं. 67/2 रकबा 1.214 हेक्टेयर, खसरा क्रं. 66/1 रकबा 2.023 हेक्टेयर को फर्जी तरीके से तीनों अनावेदकों के नाम दर्ज करवा दिया, जबकि यह भूमि पूरी तरह से शासकीय संपत्ति थी।

### नामांतरण नहीं होने पर हुआ धोखाधड़ी का खुलासा

सूत्रों के अनुसारए जब इन आरोपियों ने यह फर्जी तरीके से दर्ज कराई गई भूमि किसी अन्य व्यक्ति को बेच दीए तो खरीददार पक्ष का नामांतरण लंबे समय तक नहीं हो पाया। इसके बाद पीड़ित पक्ष ने शिकायत की, जो कलेक्टर तक पहुंची। कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के आदेश दिए। जांच में स्पष्ट हुआ कि बिना किसी सक्षम अधिकारी के आवंटन या नामांतरण आदेश के, पटवारियों और अनावेदकों ने षड्यंत्रपूर्वक फर्जी दस्तावेज बनाए और शासकीय भूमि को निजी व्यक्तियों के नाम दर्ज कर दिया। कलेक्टर द्वारा दिए गए आदेश के पालन में अब तहसीलदार द्वारा उक्त भूमि को पुनः राज्य शासन के नाम दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है।

**पटवारी सहित इनके खिलाफ एफआईआर :** बिलकिसगंज पुलिस ने तहसीलदार के पत्र के आधार पर आरोपी इकरार अहमद पिता निशार अहमद, अनसार अहमद पिता निशार अहमद, निसार अहमद पिता शफीक अहमद, पटवारी हरिसिंह चौहान (पदस्थ 3 जनवरी 2003 से 3 दिसंबर 2003), पटवारी जितेंद्र कौशल (पदस्थ 12 फरवरी 2004 से 10 सितंबर 2004) के खिलाफ विभिन्न धारा जिनमें षडयंत्र (आईपीसी 120बी) और धोखाधड़ी (आईपीसी 420); शामिल हैं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस ने मामले की विवेचना शुरू कर दी है और तत्कालीन पदस्थ पटवारियों की भूमिका की जांच की जा रही है।

### सरकारी भूमि पर लगातार हो रही है गड़बड़ी

बता दें यह जिले में सरकारी जमीन से छेड़छाड़ का कोई नया मामला नहीं है। इससे पहले भी राजस्व मंत्री के क्षेत्र में भंवरा के पटवारी को अवैध नामांतरण के आरोप में निलंबित किया गया था। वहीं इछावर विधानसभा क्षेत्र में एक अन्य पटवारी ने धोखाधड़ी कर करीब 45 एकड़ सरकारी जमीन अपने साथियों के नाम कर दी थी, जिसके बाद उस पर भी प्रकरण दर्ज किया गया था।

## खबर संक्षेप

### अंतरराष्ट्रीय सहिष्णुता दिवस आज

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार 16 नवम्बर को अंतरराष्ट्रीय सहिष्णुता दिवस मनाया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय सहिष्णुता दिवस के अवसर पर जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिनका उद्देश्य समाज में आपसी सद्भाव, शांति, धैर्य और संवाद को बढ़ावा देना है। सहिष्णुता को वर्तमान समय की सबसे महत्वपूर्ण सामाजिक आवश्यकता बताते हुए कहा गया है कि बदलते परिवेश, तनावपूर्ण परिस्थितियों और विचारों के बढ़ते टकराव के बीच लोगों को एक-दूसरे की भावनाओं, दृष्टिकोण और परिस्थितियों को समझना सीखना होगा। सहिष्णुता के अभाव में क्रोध, हिंसा, द्वेष और विभाजन जैसी प्रवृत्तियाँ बढ़ती हैं, इसलिए सहिष्णुता को व्यवहार और रोजमर्रा के जीवन में शामिल करना समय की माँग है। विपरीत परिस्थितियों या किसी विवाद की स्थिति में व्यक्ति अक्सर आवेश में आकर गलत निर्णय कर बैठता है, इसलिए ऐसे समय में अपने संवेगों पर नियंत्रण रखना आवश्यक है। किसी भी घटना या मतभेद को समझने के लिए यह जरूरी है कि व्यक्ति स्वयं को दूसरे की स्थिति में रखकर सोचने का प्रयास करे। विचार-विमर्श, संवाद और धैर्य को समस्याओं के समाधान का सर्वोत्तम तरीका बताया गया है, क्योंकि बातचीत से गलतफहमियाँ दूर होती हैं और लोगों के बीच विश्वास, समझ और सम्मान बढ़ता है।

### शिविर लगाकर की गई 1283 मरीजों की स्क्रीनिंग



**सीहोर।** विश्व मधुमेह दिवस के अवसर पर जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं मे मधुमेह की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिये स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए। स्वास्थ्य शिविरों में मरीजो की जाँच एवं उपचार किया गया तथा उन्हें मधुमेह से बचाव के उपायों के बारे में जागरूक किया गया। जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में आयोजित शिविरों में कुल 1283 मरीजों की स्क्रीनिंग की गई जिसमें से 180 मरीजों को शुगर और 296 मरीजों में हाइपरटेंशन चिन्हांकित किया गया।

# शराब कारोबारी पिता-पुत्र ने रात के अंधेरे में युवा किसान व उसके दोस्त पर किया जानलेवा हमला

### पिता-पुत्र सहित एक अन्य पर शाहगंज थाने में मामला दर्ज



**सीहोर।** शाहगंज क्षेत्र में शराब के मामले को लेकर एक युवा किसान और उसके दोस्त पर शराब कारोबारी पिता-पुत्र सहित तीन लोगों ने बेरहमी से पिटाई कर दी और जान से मारने की धमकी दी। घटना 10 नवंबर की रात की है जिसकी रिपोर्ट पीड़ित ने डर के कारण पांच दिन बाद 15 नवंबर को शाहगंज थाने में दर्ज कराई।

शाहगंज थाना पुलिस ने पीड़ित आयुष जोशी (22), पिता कामता प्रसाद जोशी निवासी शाहगंज की शिकायत पर तीन आरोपियों राजेश गुर्जर, मंशाराम और दीपक पिता मंशाराम के खिलाफ आईपीसी की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### रात 11 बजे की मारपीट

एफआईआर के अनुसार युवा किसान आयुष जोशी जो खेती किसानी का काम करते हैं। 10 नवंबर की रात करीब 11 बजे अपने खेत से वापस लौट रहे थे। शाहगंज से बुदनी रोड पर शनि मंदिर के पास तीनों आरोपियों ने उन्हें रोक लिया। आरोपियों ने आयुष पर आरोप लगाया कि वह दारू बेचता है, जब आयुष ने इस बात से इनकार किया तो आरोपी मंशाराम ने उन्हें मां बहन की गंदी-गंदी गालियां देना शुरू कर दिया। शिकायत के मुताबिक गाली देने से मना करने पर मंशाराम ने आयुष को थप्पड़ों और मुक्कों से मारा, जिससे उसके सिर और पीठ में चोट आई। दीपक ने लातों से पीठ और पैरों पर मारा, जबकि राजेश गुर्जर ने प्लास्टिक के पाइप से आयुष के पु_ों और दोनों पैरों पर वार किया।

### बचाने आए दोस्त पर भी हमला

पीड़ित आयुष जोशी की आवाज सुनकर बुदनी तरफ से आ रहे चेतन नामदेव रुक गए। जब चेतन ने बीच-बचाव करने की कोशिश की तो आरोपियों ने उसे भी नहीं छोड़ा। तीनों ने चेतन नामदेव के साथ भी गालियां देकर थप्पड़-मुक्कों से मारपीट की, जिससे चेतन के दोनों पैरों, सिर और पीठ में चोटें आईं। तीनों आरोपी मारपीट करने के बाद दोनों युवकों को यह धमकी देते हुए चले गए कि अगर थाने में रिपोर्ट की तो तुम्हें जान से खत्म कर देगे।

डर के कारण आयुष और चेतन ने तुरंत रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई थी। आयुष ने 15 नवंबर को अपने पिता कामता प्रसाद जोशी को पूरी घटना बताने के बाद थाने जाकर शिकायत दर्ज कराई।

पुलिस ने आवेदन पर तुरंत कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है और मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

# स्कूलों में नामांकन बढ़ाने और डिजिटल शिक्षा तकनीक की जानकारी देने के लिए शिक्षकों को दिया प्रशिक्षण




**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार शिक्षा गूँज कार्यक्रम के अंतर्गत शैक्षणिक संस्थाओं में बच्चों का नामांकन बढाने और डिजिटल शिक्षण तकनीकों की जानकारी देने के लिए जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) में शिक्षकों की एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई।

इस कार्यक्रम में शिक्षकों को डिजिटल शिक्षा को सशक्त बनाने और शिक्षण–अधिगम प्रक्रिया को सरल व आकर्षक बनाने के हेतु प्रशिक्षण दिया गया। जिन विद्यालयों में इंटरेक्टिव पैनल और स्मार्ट टीवी है उनके प्रभावी उपयोग के संबंध में भी शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि डिजिटल शिक्षण सामग्री, विषयों को सरल एवं रोचक तरीके से प्रस्तुत करना और कक्षा में इंटरऐक्टिव पैनलों के उपयोग से बच्चों में सीखने की रुचि एवं दक्षता बढ़ती है। डाइट प्राचार्य ने बताया कि जिले के 99 विद्यालयों में पैनल स्थापना का कार्य पूर्ण हो चुका है और आगामी समय में अन्य विद्यालयों को भी इस डिजिटल पहल से जोड़ा जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान आईसीटी टूल्स जैसे इंटरेक्टिव पैनल, स्मार्ट टीवी, लैपटॉप, टैबलेट, पीपीटी, डिजिटल क्विज एवं एआई का इस्तेमाल करके पढाई को रुचिकर बनाना आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में डाइट प्राचार्य अनिता बड़गूजर, एपीसी एकेडमिक्स सुरेंद्र यादव सहित शिक्षकगण उपस्थित थे।

### आरटीओ से अब किसी भी जिले का ले सकेंगे रजिस्ट्रेशन नंबर

**सीहोर।** वाहनों के रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया अब सरकार ने आसान कर दी है। सीहोर के परिवहन कार्यालय में प्रदेश के किसी भी जिले का रजिस्ट्रेशन नंबर प्राप्त किया जा सकता है। पहले इसके लिए संबंधित जिले के आरटीओ में जाना पड़ता था। अब वाहनों का रजिस्ट्रेशन वाहन-4 पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है। नई सुविधा के तहत अगर किसी ने सीहोर से वाहन खरीदा है और वह भोपाल, इंदौर या उज्जैन जिले का रजिस्ट्रेशन नंबर चाहता है, तो अब ऐसा करना संभव है। अपने मूल निवास या प्रदेश के किसी भी जिले का पंजीयन नंबर उस जगह से प्राप्त कर सकेगा, जहां उसने वाहन खरीदा। आरटीओ से मिली जानकारी के अनुसार लोगों को अपने वाहनों के पंजीयन के लिए भौतिक रूप से परिवहन कार्यालयों में नहीं जाना पड़ेगा। वे मोटरयान क्रय करते समय संबंधित ऑटोमोबाइल डीलर के माध्यम से यह सुविधा प्राप्त कर सकेंगे। परिवहन विभाग के अनुसार वाहन-4 पोर्टल के कारण यह संभव हो सका है। यही नहीं, एक और बड़ी सुविधा मिल रही है। प्रदेश के अलावा अन्य प्रदेशों में अपने वाहनों पर अति सुरक्षा पंजीयन पट्टिका (हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट) लगवा सकेंगे। भारत सीरीज (बीएच सीरीज) से संबंधित पंजीयन नंबर वाहनों के लिए ऑनलाइन ही प्राप्त किए जा सकते हैं। बता दें कि नया चार पहिया वाहन खरीदते समय अधिकांश लोग भोपाल आरटीओ नंबर लेना पसंद करते हैं। ऐसे में कई बार डीलर इसके लिए अतिरिक्त खर्च भी जोड़ते हैं।

### अंबर जैन बने कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के जिलाध्यक्ष



**सीहोर।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खण्डेलवाल सांसद चांदनी चोक, एवं प्रदेश अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील जैन 501 श्री गोविंद दास असाटी, उमेश तिवारी, राजीव खंडेलवाल की अनुसंशा पर अखिल भारतीय व्यापारी परिसंघ के प्रांतीय अध्यक्ष से विचार विमर्श उपरांत अम्बर जैन को कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स मध्यप्रदेश के सीहोर जिले का अध्यक्ष नियुक्त किया हैं। साथ आशा व्यक्त है कि आप संगठन को अपनी सक्रिय गतिविधियों से और मजबूती प्रदान करेंगे। संगठन ने आप पर जो विश्वास व आस्था व्यक्त की है, आशा है, आप उस पर खरे उतरेंगे। अम्बर जैन ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे जो महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है, उसका में पुरी ईमानदारी व सक्रीयता के साथ निर्वहन करुंगा। श्री जैन को अध्यक्ष मनोनित किये जाने पर बधाई व शुभकामनाऐं देने वालों में प्रमुख रूप से नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर, जैन समाज अध्यक्ष अजय जैन, शील जैन, अजय जैन ज्योति बुक, सुनील जैन, कमलेश पारीक, सुदीप लोवनिया, राकेश मेवाड़ा, सतीश धाकड़, हेमंत रूठिया, नितिन जैन, शैलेश राठी, डॉ. गगन नामदेव, डॉ. अमित मोदी सहित समस्त व्यापारीगण शामिल हैं।

### महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने शुरू की अनोखी पहल

# 155 महिलाओं को मिले कड़कनाथ के चूजे, घर बैठे साल में 1.5 लाख रुपए तक होगी कमाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सीहोर जिले में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ने महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने और उन्हें 'लखपति दीदी' बनाने के लिए एक बड़ी पहल की है। मिशन ने पशुपालन विभाग के सहयोग से 110 महिला स्वसहायता समूहों की 155 सदस्यों को कड़कनाथ और देसी रंगीन नस्ल के चूजे वितरित किए हैं। बैकयार्ड पोल्ट्री योजना के तहत उठाया गया यह कदम महिलाओं के लिए घर बैठे स्थायी कमाई का जरिया बनेगा।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) के राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशुरोग संस्थान (NIHSAD) भोपाल के सहयोग से 45 महिलाओं को कड़कनाथ चूजों की पूरी यूनिट प्रदान की गई है। इसमें उच्च गुणवत्ता का मुर्गी आहार, देखरेख की सामग्री और अगले तीन महीने तक तकनीकी मार्गदर्शन भी शामिल है।

**साल में 1.5 लाख रुपए तक की आय :** पशुपालन एवं डेयरी विकास विभाग के उप संचालक राजेंद्र गौतम ने बताया कि एक यूनिट के सही संचालन से एक महिला प्रति वर्ष 1 से 1.5 लाख रुपये तक की आय अर्जित कर सकती है। देशी मुर्गियों में हाई प्रोटीन और कम वसा होने के कारण बाजार में इनकी भारी मांग है, जिससे ग्रामीण महिलाओं की आय कई गुना बढ़ने की उम्मीद है।

### सीईओ ने दिए थे क्लस्टर बनाने के निर्देश

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने महिलाओं को 'लखपति दीदी' बनाने के लिए पोल्ट्री क्लस्टर विकसित करने के निर्देश दिए थे। उन्हीं के मार्गदर्शन में पशुपालन विभाग के साथ मिलकर महिलाओं को कड़कनाथ इकाइयाँ उपलब्ध कराई गई हैं।

### महिलाएं बोलीं- बच्चों की पढ़ाई और घर खर्च में मिलेगी मदद

इस पहल से लाभान्वित महिलाओं ने कहा कि उन्हें मुर्गी पालन से नियमित आय मिलेगी। इससे उन्हें घर के नजदीक ही रोजगार उपलब्ध होगा। अब वे अपने बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य तथा घर की अन्य जरूरतों को पूरा करने में सक्षम होंगी। समूह में जुड़कर उन्हें सामूहिक सीखने और विपणन के अवसर भी मिलेंगे।

### अगली तिमाही में 300 और महिलाओं को लाभ

उप संचालक गौतम ने बताया कि आजीविका मिशन के साथ मिलकर पिछले दो वर्षों से यह योजना चल रही है, जिसके बेहतरीन नतीजे मिले हैं। पशुपालन सखियों के मार्गदर्शन, टीकाकरण और दवाइयों से मुर्गियों की मृत्यु दर कम हुई है। इसी कड़ी में आगामी तिमाही में 300 समूह सदस्यों को मुर्गी इकाइयों का वितरण किया जाएगा।

# अब सोयाबीन के मॉडल रेट में 151 रुपए बढ़े, किसानों को नहीं होगा नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



प्रदेश शासन ने 8 नवंबर से सोयाबीन के मॉडल रेट निर्धारण में बदलाव किया है। अब हर दिन मॉडल रेट तय हो रहे हैं। उसी के अनुरूप खरीदी की जा रही है। हालांकि, निर्धारित रेट से कम में भी किसी किसान का सोयाबीन बिका, तब भी उसे भावांतर की उतनी ही राशि मिलेगी। अभी जो रेट प्रतिदिन निर्धारित हो रहे हैं, उनमें लगातार बढ़ोतरी हो रही है। पिछले 7 दिनों में मॉडल रेट में 151 रुपए बढ़े हैं। शुक्रवार को मॉडल प्राइज 4184 रुपए प्रति क्विंटल रहा। इसका भावांतर भी 5328 रुपए के हिसाब से ही होगा। बता दें कि कृषि उपज मंडी में 24 अक्टूबर से भावांतर योजना के तहत सोयाबीन उपज बिक रही है। शुक्रवार को प्रदेश की मंडियों में भावांतर का मॉडल रेट 4184 रुपए प्रति क्विंटल रहा। जिन किसानों का सोयाबीन 4184 रु. प्रति क्विंटल में बिका है, उनके खाते में भावांतर की राशि 1144 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से आएगी।

### निजी फीजियोथेरेपी केंद्रों का पंजीयन अनिवार्य

**सीहोर।** निजी फीजियोथेरेपी केन्द्रो को अपना पंजीयन कराना अनिवार्य हो गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने गत दिवस बताया कि शासन निर्देशानुसार अब निजी नर्सिंग होम एवं क्लिनिकल स्टेब्लिश्मेंट का विनिमय म.प्र. उपचार्यगृह तथा रजोपचार्य संबंधी स्थापनाये (रजिस्ट्रीकरण तथा अनुज्ञापन) अधिनियम 1973 तथा नियम 1997 (यथा संशोधित) 2021 के स्थापित प्रावधान अनुसार समस्त फीजियोथेरेपिस्ट को अधिनियम की धारा 2 में क्लिनिकल स्टेब्लिश्मेंट को परिभाषित किया गया हैं। अधिनियम की धारा 3 के अनुक्रम में कोई भी व्यक्ति द्वारा क्लिनिकल स्टेबलिसमेंट का संचालन (निजी फीजियोथेरेपी केन्द्र) बिना विनियामक अधिनियम के अन्तगर्त पंजीयन के बिना नहीं किया जा सकता। जिले के समस्त निजी फीजियोथेरेपी केन्द्रो को निर्देशित किया गया है कि फीजियोथेरेपी केन्द्रो का पंजीयन अनिवार्य रूप से कराये। उपचार्यगृह तथा रजोउपचार्य संबंधी स्थापनायें अधिनियम 1973 तथा नियम 1997 (यथा संशोधित) 2021 के प्रावधान अनुसार सुनिश्चित किया जाये ।

## खबर संक्षेप



### खिलाड़ियों ने जीते राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक

**सीहोर।** मास्टर्स गेम्स एसोसिएशन के तत्वावधान में उज्जैन में आयोजित हुई राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सीहोर मास्टर्स गेम्स के खिलाड़ियों ने कई खेलों में भाग लेकर पदक जीते। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने आरए सिद्दिकी हॉकी कोच के सहयोग से प्रतियोगिता में भाग लिया। सीहोर मास्टर्स गेम्स एसोसिएशन की सचिव अफशा सिद्दिकी ने बताया कि मास्टर्स गेम्स उन खिलाड़ियों को खेलने का मौका देता है, जो किसी भी कारण से जीवन में खेलने का सपना पुरा नहीं कर पाते हैं। मास्टर्स गेम्स प्रतियोगिता में 30 से 100 साल तक के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर तक जा सकते हैं।

### 60 वर्ष बाद मिलेगी 3 हजार रुपए पेंशन

**सीहोर।** केन्द्र सरकार द्वारा असंगठित श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए केन्द्रीय श्रम मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना के अंतर्गत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के समस्त असंगठित क्षेत्र के श्रमिक जिनकी मासिक आय 15 हजार से कम है, इस योजना के लिए पात्र होंगे। योजना के अंतर्गत नामांकन के लिए 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के श्रमिकों को प्रतिमाह 55 से 200 रूपये प्रीमियम के रूप मे जमा करना होगी।

### न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह का समापन

**सीहोर।** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रकाश चंद्र आर्य ने न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह के समापन अवसर पर जिला न्यायालय परिसर से बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह 9 नवंबर से 14 नवंबर तक चलाया गया। इस विधिक सेवा सप्ताह में आमजनों तक योजनाओं एवं न्याय की पहुँच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जागरूकता एवं साक्षरता संबधी अनेक गतिविधियां आयोजित की गई। समापन अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश आर्य एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव स्वप्नश्री सिंह ने कहा कि न्यायोत्सव के माध्यम से न्याय तक पहुंच सबके लिए के संदेश को प्रभावी तौर पर जनसामान्य तक पहुंचाया गया है। न्यायोत्सव के अंतर्गत समाज के हर वर्ग को सम्मिलित एवं लाभान्वित करने का प्रयास किया गया है। उन्होंने सभी से विधिक सेवा योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया।

## भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर उत्साह के साथ मनाया गया जनजातीय गौरव दिवस

# आजादी की लड़ाई में वीर पराक्रमी योद्धा भगवान बिरसा मुंडा की थी महत्वपूर्ण भूमिकाः करण सिंह

राजस्व मंत्री बोले सभी जातियों एवं समाज से मिलकर हमारा राष्ट्र बना है और इन सब से ऊपर उठकर हमारे लिए राष्ट्र ही सर्वोपरि होना चाहिए तथा हमें राष्ट्र के लिए कार्य करना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा





भगवान बिरसा मुंडा की जयंती एवं जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर भैरूंदा के लाड़कुई में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर रथ यात्रा भी निकाली गई। कार्यक्रम में राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं नागरिक शामिल हुए। कार्यक्रम में कन्या शिक्षा परिसर की छात्राओं द्वारा जनजातीय संस्कृति की अनुपम छटा बिखेरते हुए सामूहिक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुती दी गई। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल संबोधित किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के राज्य स्तरीय समारोह का लाइव प्रसारण भी दिखाया गया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम मे राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा ने कहा कि जब झांसी की रानी से अंग्रेजों का संघर्ष समाप्त हुआ तब अंग्रेजों ने समझा कि उन्होंने भारत पर विजय पा ली है और अब उनसे लाड़ने वाला कोई वीर योद्धा नही बचा है। उसी समय एक चमकते हुए सूरज की तरह वीर योद्ध भगवान बिरसा मुंडा का उदय हुआ। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा एक ऐसे पराक्रमी योद्धा थे जिन्होंने अंग्रेजों की नाक में दम कर रखा था। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के साथ ही टंट्या मामा और रानी दुर्गावती का भी हमारे देश की आजादी में महत्वपूर्ण योगदान है।

उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के महान योगदान को याद करने के उपलक्ष्य में आज यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा के महान योगदान को सम्मान देने के लिए उनकी जन्म शताब्दी मनाने का निर्णय लिया है।

उन्होंने कहा कि सभी जातियों एवं समाज से मिलकर हमारा राष्ट्र बना है और इन सब से ऊपर उठकर हमारे लिए राष्ट्र ही सर्वोपरि होना चाहिए तथा हमें राष्ट्र के लिए कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में देश एवं प्रदेश निरंतर विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है और बढ़ता रहेगा।

इस अवसर पर बुधनी विधायक रमाकांत भार्गव, भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, मध्यप्रदेश जनजातीय वित्त विकास निगम की अध्यक्ष निर्मला सुनील बारेला ने भी संबोधित करते हुए भगवान बिरसा मुंडा के योगदान का स्मरण कराया। कार्यक्रम में रघुनाथ भाटी, रवि मालवीय, भैरूंदा जनपद अध्यक्ष मंजू अवध पटेल, कलेक्टर बालागुरू के., जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव, एसडीएम सुधीर कुशवाह, जनपद सीईओ संजय अग्रवाल, डीओटीडब्ल्यू अरविंद कुशवाह, पंकज गुप्ता, श्यामलाल ठाकुर सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

**रथ यात्रा :** भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर ग्राम नादान से लाड़कुई तक रथयात्रा निकाली गई। यह यात्रा नादान से प्रारंभ हुई और विभिन्न ग्रामों से होते हुए और भगवान बिरसा मुंडा के योगदान को स्मरण कराते हुए लाड़कुई पहुंची।




## पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की जयंती व बाल दिवस के अवसर पर सरदार पटेल स्कूल के नवीन भवन का लोकार्पण




**सीहोर।** जिले के झरखेड़ा अंचल स्थित 1986 ते संचालित सरदार पटेल हायर सेकंडरी स्कूल ग्राम झरखेड़ा के नवनिर्मित भवन का पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू जयंती व बाल दिवस के अवसर पर लोकार्पण किया गया। सीहोर जिला के शिक्षाविद लम्बे समय तक प्राचार्य, शिक्षा अधिकारी व सहायक संचालक पद पर कार्य कर चुके रवीन्द्र कुमार बांगरे द्वारा उक्त विद्यालय का संचालन किया जा रहा है। अब नवीन भवन में छात्र - छात्राओं को सम्पूर्ण सुविधायें उपलब्ध होगी। सरदार पटेल शिक्षा समिति के अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल द्वारा अवगत कराया गया है कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थी मेहनती, कुशल व सर्वांगीण विकास की क्षमता रखते हैं बस उन्हें अनुकूल वातावरण की जरूरत होती है।

यह धनात्मक वातावरण सरदार पटेल स्कूल में प्राप्त होगा। कार्यक्रम की शुरुआत संचालक सदस्य शीला बांगरे, शैलनिधि बांगरे, पूनम बांगरे, रत्नमाला पटेल, माया सिंह राठौर, विनोद राठौर, मीरा अग्रवाल, धीरज कोचर, पूर्व डिप्टी कलेक्टर निशा बांगरे, रत्नदीप, रत्नशील, किशोर कुमार दिशा बौद्ध, आँचल, वैज्ञानिक अधिकारी गृह विभाग म.प्र. गौतमा, भव्या भटनागर प्राचार्य लखन सिंह अहिरवार ने रिबन काटकर भवन का लोकार्पण किया। विद्यालय के सभी बच्चों को पानी की बोतल गिफ्ट के रूप में प्रदान की गई। महिला बाल निकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी मैहर व सतना से आये राजेन्द्र बांगरे, अनमोल वासनिक, जीतमल मालनीय, मीडिया संघ सीहोर के संरक्षक के.जी बैरागी, दैनिक मध्य स्वर्णिम समाचार-पत्र ब्यूरो चीफ नरेन्द्र खंगराले ने सभी बच्चों को पुरस्कार वितरित किया।

## हमें डायनामिक टॉपिक रोज पढ़ते रहना चाहिए : अमित सिंह



**सीहोर।** रविंद्र संस्कृतिक भवन टाउन हॉल शासकीय लाइब्रेरी में संचालित यूपीएससी एवं एमपीपीएससी निःशुल्क कोचिंग क्लासेज के छात्र-छात्राओं को अर्थशास्त्र पढ़ा रहे थे। इसी दौरान उन्होंने छात्र-छात्राओं को बताया कि हमें रोजाना न्यूजपेपर पढ़ना चाहिए और इसमें कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी जैसे डायनामिक टॉपिक जरूर पढ़ना चाहिए जिससे हमारी समझ विकसित होगी जो हमें मुख्य परीक्षा और साक्षात्कार में काम आएगी।

उपस्थित छात्र-छात्राओं को सतत विकास की अवधारणा को समझाते हुए अधिकतम उपयोग और इष्टतम उपयोग को भी स्पष्ट किया। इस दौरान सहायक संचालक आदर्श परिवार एवं आधुनिक नालंदा नेहा माहेश्वरी, शिक्षिका नीतू ,कविता , शिक्षक हितिश दुबे और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। तहसीलदार अमित सिंह ने उपस्थित छात्र-छात्राओं से चर्चा करते हुए अर्थशास्त्र की महत्वपूर्ण शब्दावली जैसे कि पूंजी बाजार और मुद्रा बाजार में अंतर को स्पष्ट किया और यह कितने प्रकार के होते हैं यह विस्तार से समझाया। साथ ही साथ बैंकिंग व्यवस्था का इतिहास और वर्तमान में चल रही एसआईआर प्रक्रिया के बारे में भी बताया।

## चिंतामन गणेश मंदिर में बांटे कंबल




**सीहोर।** शनिवार को न्यू अथर्व फाउंडेशन द्वारा सिद्धपुर के नरेश बाबा चिंतामन गणेश के मंदिर पर कंबल वितरण का आयोजन किया गया। जिसमें सीहोर की समाज सेविका आदरणीय अरुण सुदेश राय एवं न्यू अथर्व फाउंडेशन के समस्त साथी उपस्थित रहे। निश्चित ही यह सेवा का संकल्प हमें अपने लोगों का कार्य करने का सुमार्ग प्रदान करता है।

## श्रीकृष्ण ने मथुरा पहुंचकर अपने मामा कंस का वध किया : आचार्य मिश्रा

**सीहोर।** टीलाखेड़ी गांव में चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत ज्ञान कथा के छठे दिन आचार्य कुलदीप मिश्रा ने कंस-वध और रुक्मणी-विवाह के दिव्य प्रसंगों का भावपूर्ण चित्रण किया। भगवान विष्णु के पृथ्वी लोक में अवतरण का प्रमुख उद्देश्य अत्याचारों का अंत करना था, जिसमें कंस-वध भी एक महत्वपूर्ण कारण रहा। कंस के अत्याचारों से त्रस्त पृथ्वी देवताओं के माध्यम से भगवान से प्रार्थना करने लगी, जिसके बाद श्रीकृष्ण ने अवतार धारण किया। कथा में बताया गया कि कंस को अपने वध की भविष्यवाणी का ज्ञान था, इसलिए उसने बाल्यावस्था में ही श्रीकृष्ण को कई बार मारने का प्रयास किया, लेकिन हर बार उसके प्रयास असफल रहे। 11 साल की आयु में कंस ने अक्रूर के माध्यम से कृष्ण और बलराम को मथुरा बुलाकर शक्तिशाली योद्धाओं और उग्र हाथियों से वध की योजना बनाई, लेकिन श्रीकृष्ण और बलराम ने सभी दुष्टों का अंत कर दिया।

## 72 वें अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




अंतरराष्ट्रीय सहकारी वर्ष 2025 के अन्तर्गत सहकार से समृद्धि के रूप में इस वर्ष 72 वां अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह का शुभारम्भ कार्यालय उपायुक्त सहकारिता जिला सीहोर एवं कार्यालय जिला सहकारी संघ मर्यादित सीहोर में माननीय सुधीर कैथवास उपायुक्त सहकारिता जिला सीहोर द्वारा सहकारी ध्वज फहराकर एवं सहकारी गीत का वाचन कर अधिकारी, कर्मचारियों, सुनील सक्सेना अंकेक्षण अधिकारी एवं प्रशासक, आरएस रैकवाल वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक, कृपालसिंह दुगारिया जिला नोडल अधिकारी भोपाल दुग्ध संघ, तेजसिंह ठाकुर मुख्य कार्यपालन अधिकारी की उपस्थिति में माँ सरस्वती के समक्ष दीपप्रज्ज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात प्राथमिक सीहोर साख सहकारी संस्था मर्यादित सीहोर में निर्धारित परिचालन दक्षता, जवाबदेही और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए डिजिटलीकरण को बढ़ावा देना विषय पर सम्बोधित करते हुए उपायुक्त सहकारिता द्वारा कहाकि भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ नई दिल्ली द्वारा पूरे भारत वर्ष में सहकारिता की विचारधारा और भावना का प्रचार करने के लिए प्रतिवर्ष 14 नवम्बर से 20 नवम्बर तक अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह मनाया जाता है। जिसके अन्तर्गत आज हम सहकारी संस्था की पारदर्शिता एवं डिजिटलीकरण को बढ़ावा देना विषय पर चर्चा कर रहे हैं। इसका मुख्य उद्देश्य यही है कि सहकारी संस्थाओं के कार्यो में पारदर्शिता बनी रहे जिससे सदस्यों में विश्वास बना रहे। संस्थाएं प्रगति की ओर बनी रहें।

सुनील सक्सेना प्रशासक द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों व सदस्यों के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर साख संस्था अध्यक्ष सर्वेश समाधिया, रमेशचन्द्र समाधिया, विरेन्द्र व्यास, आजाद परासर, शंकर खत्री, नवीन मिश्रा, जोशी अध्यक्ष न्यू साख, भारती सिंह प्रबंधक न्यू साख, संजय राठौर, अशोक तिवारी, गजेन्द्र यादव संस्था पदाधिकारी एवं सदस्यों की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

## स्पोर्ट्स प्रतियोगिताएं, फ्लेमलेस कुकिंग गतिविधियों का भी हुआ आयोजन

# ऑक्सफोर्ड स्कूल में स्काउट व गाइड फाउंडेशन वीक का किया आयोजन





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

स्थानीय दी ऑक्सफोर्ड हासे स्कूल सीहोर में स्काउट एवं गाइड फाउंडेशन वीक बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डी.ओ.सी. राजेश मेवाड़ा, विशिष्ट अतिथि जिला सचिव स्काउट संतोष सोनी, जिला संघटक स्काउट सुनील शुक्ला, जिला संघटक गाइड विभा शुक्ला, तथा जिला सहायक गाइड कमिश्नर डॉ. बीना जे. कुरियन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण और परेड के साथ हुई। इसके बाद कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों को कैंप लगाना, जंगल में अस्तित्व बनाए रखने की आवश्यक तकनीकें तथा सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां सिखाई गईं।

कार्यक्रम के दौरान छात्रों को पचामा रेलवे स्टेशन ले जाया गया, जहाँ बच्चों ने रेलवे ट्रैक, ट्रेनों के आने-जाने की प्रक्रिया, सिग्नल सिस्टम और स्टेशन के पूरे ऑपरेशन के बारे में सीखा। बच्चों ने वहां ट्रेन के ट्रैक और संबंधित तकनीकी पहलुओं को करीब से देखा और समझा।इसी सप्ताह में प्रेसीडेंट अवार्डी स्काउट सुमित शर्मा ने बच्चों के लिए विशेष सत्र आयोजित किया, जिसमें उन्होंने दिशाओं को पहचानने, नक्शा पढ़ने और अन्य आवश्यक स्काउट तकनीकें सिखाईं। बच्चों ने इस सत्र में बहुत उत्साह दिखाया और नए अनुभव प्राप्त किए।

सप्ताह भर चले इस उत्सव में स्पोर्ट्स प्रतियोगिताएं, फ्लेमलेस कुकिंग आदि गतिविधियों का भी आयोजन हुआ, जिसका निरीक्षण जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव स्वप्नश्री सिंह तथा जिला विधिक सहायता अधिकारी ज़ीशान खान ने किया और बच्चों के प्रयासों की सराहना की। सांस्कृतिक कार्यक्रम में कब बुलबुल एवं स्काउट गाइड ने विविध प्रकार की प्रस्तुतियाँ दीं एवं सोशल मीडिया एडिक्शन और नशा मुक्ति पर आधारित आकर्षक नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया गया, जो सराहनीय रहा। अंत में स्काउट एवं गाइड के बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय के चेयरमैन एड. जॉली कुरियन तथा समस्त शिक्षक एवं पालकगण ने सभी को शुभकामनाएँ एवं बधाइयां दीं।

## बच्चों को कानूनी अधिकारों और गुड टच बैड टच के बारे में दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



प्रधान जिला न्यायाधीश प्रकाश चंद्र आर्य के निर्देशानुसार न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह के अंतर्गत विद्यार्थीगण में कानूनी अधिकारों की समझ बढ़ाने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा शासकीय माध्यमिक शाला जमोनिया टैंक में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में जिला विधिक सहायता अधिकारी जीशान खान द्वारा विद्यार्थियों को शिक्षकों के सम्मान, परिश्रम कर शिक्षा प्राप्त करने, गुड टच, बैड टच, किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ नहीं जाने एवं कोई सामान नहीं लेने, अपने भविष्य को संवारने आदि के बारे में जागरूक किया गया और विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान बच्चो के लिए प्रतियोगिताओ का आयोजन भी किया गया जिसमें कुर्सी रेस, चम्मच रेस, गायन प्रस्तुतियां, व्यंजन निर्माण आदि गतिविधियां आयोजित की गईं। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा व्यंजनों के स्टॉल भी लगाए गए।

### निलंबित कर्मचारी के आरामशीन संचालकों के साथ लेनदेन के ऑडियो हुए थे वायरल

# विवादित डिप्टी रेंजर सोनगिरा अंततः रिटायरमेंट के 3 माह पूर्व सस्पेंड

## डीएफओ द्वारा गठित 2 सदस्यीय जांच कमेटी के प्रतिवेदन पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

राजगढ़ वन विभाग के स्पेशल उड़नदस्ते में शामिल डिप्टी रेंजर मोहन सिंह सोनगिरा ने कुछ दिनों पूर्व आरामशीन संचालकों द्वारा जान से मारने की धमकी देने सहित अन्य आरोप लगाए थे। इन आरोपों के बाद डिप्टी रेंजर सोनगिरा की कुछ ऑडियो रिकार्डिंग सोशल मीडिया पर वायरल हुईं जिनमें रुपयों के लेनदेन की बात करते नजर आए थे। उक्त पूरे घटनाक्रम के बाद जिला वनमंडलाधिकारी विजय कुमार द्वारा पूरे मामले की सूक्ष्मता से जांच हेतु एसडीओ की अध्यक्षता में 2 सदस्यीय कमेटी का गठन करते हुए तीन दिवस में जांच प्रतिवेदन सौंपने के तल्ख निर्देश दिए थे।

जांच कमेटी के प्रतिवेदन में सोनगिरा को दोषी पाया गया। इस आधार पर जिला वनमंडलाधिकारी ने गुरुवार देर शाम उनका सस्पेंशन आर्डर जारी कर दिया। निलंबन अवधि में उनका चिड़ीखो अभ्यारण्य नियत किया गया है। उल्लेखनीय है कि निलंबित हुए डिप्टी रेंजर मोहन सिंह सोनगिरा आगामी तीन माह बाद फरवरी 2026 में सेवानिवृत्त होने वाले हैं। उसके पहले ही उनकी कारगुजारियों के चलते सेवाकाल के अंतिम समय में यह बड़ा धब्बा लग गया है।



### लेनदेन के वायरल ऑडियो के संबंध में गठित हुई जांच कमेटी

एसडीओ की अध्यक्षता में गठित कमेटी करेगी सूक्ष्मता से जांच


डिप्टी रेंजर को आरामशीन संचालकों और विधायक से मिल रही धमकियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

पिछले दिनों वन महकमे के स्पेशल उड़नदस्ते में शामिल डिप्टी रेंजर मोहन सिंह सोनगिरा ने आरामशीन संचालकों एवं खिलचीपुर विधायक द्वारा जान से मारने की धमकियां देने की लिखित शिकायत पुलिस अधीक्षक से की थी। शिकायत के बाद सोनगिरा की भी कुछ कॉल रिकार्डिंग सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुईं जिनमें वे विभाग के ही रेंजर, ड्राइवर को रुपए देने की बात कह रहे हैं। एक अन्य रिकार्डिंग में भी आरामशीन संचालक या अन्य व्यक्ति से हुई बातचीत में सोनगिरा द्वारा रुपयों के खुले लेनदेन की बात सामने आई। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला वनमंडलाधिकारी बेनीप्रसाद दोतानिया ने पूरे मामले की सूक्ष्मता से जांच करने राजगढ़ एसडीओ दिनेश कुमार यादव की अध्यक्षता में दो सदस्यीय जांच कमेटी गठित की है। जारी आदेश में उल्लेख है कि उक्त कमेटी आगामी 03 दिवसों में अपना जांच प्रतिवेदन तैयार कर डीएफओ के सम्मुख प्रस्तुत करेगी। जांच प्रतिवेदन के आधार पर संबंधितों पर आगामी कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।

खिलचीपुर विधायक से भी मिले थे आरामशीन संचालक

कौन सही और कौन गलत जैसे इस पेंचीदा मामले को लेकर शुक्रवार को कई आरामशीन संचालकों ने खिलचीपुर विधायक हजारीलाल दांगी से भी भेंट की थी। खिलचीपुर रेस्ट हाउस में आरामशीन संचालकों ने विधायक को ज्ञापन सौंपकर शिकायत दर्ज करवाई की डिप्टी रेंजर मोहन सोनगिरा सहित उड़नदस्ते की टीम उन्हें लगातार परेशान करते हुए पैसों की मांग करती है। आरामशीन संचालकों के पास वैध लायसेंस होने के बावजूद उन्हें सोनगिरा व विभाग के अन्य कर्मचारियों द्वारा रिश्वत देने हेतु धमकाया जा रहा है।



आदेश द्वारा वनमंडलाधिकारी (सामान्य) वनमंडल राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.

-:: आदेश ::-

आदेश क्रमांक/स्था./2025/158 राजगढ़ दिनांक :- 13/11/2025

श्री मोहनसिंह सोनगिरा, कार्यवाहक उपवनक्षेत्रपाल के विरुद्ध माननीय विधायक श्री हजारीलाल दांगी, विधानसभा क्षेत्र 163 खिलचीपुर द्वारा कि गई शिकायत कि जांच दल गठित कर जाँच कराई गई। जांच में आरामशीन मालिकों से लेन-देन करने की पुष्टि होने पर तथा मिडिया में बिना अनुमति के बयान देने तथा पत्रकार से वार्ता कर म.प्र. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 का उल्लंघन करने पर श्री सोनगिरा, कार्यवाहक उपवनक्षेत्रपाल को म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 9 (1) में दिए गए प्रावधान अनुसार तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन काल में इनका मुख्यालय वनपरिक्षेत्र अभ्यारण्य नरसिंहगढ़ रहेगा।

(विजय कुमार)
भा.व.से.
वनमंडलाधिकारी
सामान्य वनमंडल राजगढ़
राजगढ़ दिनांक :- 13-11-25

पृ.क्रमांक/स्था./2025/ 3739
प्रतिलिपि :-
(1) मुख्य वन संरक्षक भोपाल वृत्त भोपाल कि ओर सूचनार्थ अंग्रेषित।
(2) उपवनमंडलाधिकारी राजगढ़ कि ओर सूचनार्थ।
(3) अधीक्षक नरसिंहगढ़ वन्यप्राणी अभ्यारण्य कि ओर सूचनार्थ। कृपया प्रकरण में आरोप-पत्र तैयार कर तत्काल प्रस्तुत करें।
(4) उड़नदस्ता प्रभारी राजगढ़/वनपरिक्षेत्राधिकारी अभ्यारण्य वन्यप्राणी नरसिंहगढ़ कि ओर सूचनार्थ।
(5) श्री मोहनसिंह सोनगिरा, कार्यवाहक उपवनक्षेत्रपाल कि ओर द्वारा वनपरिक्षेत्राधिकारी राजगढ़ के सूचनार्थ।
(6) वनपरिक्षेत्राधिकारी राजगढ़ कि ओर आदेश कि अतिरिक्त प्रति सहित सूचनार्थ। कृपया संबंधित को प्रति सौंपकर सदिनांक पावती इस कार्यालय में प्रस्तुत करें।

वनमंडलाधिकारी
सामान्य वनमंडल राजगढ़

### पहले डिप्टी रेंजर ने की थी एसपी से शिकायत

गत 06 नवंबर को डिप्टी रेंजर मोहन सोनगिरा ने आरामशीन संचालकों एवं खिलचीपुर विधायक हजारीलाल दांगी पर जान से मारने की धमकी देने सहित अन्य आरोप लगाए थे। इस बारे में उनके द्वारा पुलिस अधीक्षक को लिखित में भी शिकायत की गई थी।

### शिकायत के बाद लेनदेन के ऑडियो हुए वायरल

उक्त शिकायत के कुछ घंटों बाद ही सोनगिरा द्वारा कुछ आरामशीन संचालकों सहित अन्य लोगों से लकड़ियों की अवैध कटाई, आरामशीनों को सील करने इत्यादि के संबंध में दो ऑडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुए। इन ऑडियो में सोनगिरा खुलेआम विभाग के रेंजर, ड्राइवर को भी रुपए देने सहित लेनदेन से जुड़ी अन्य बातें कर रहे थे।

### आरामशीन संचालकों ने विधायक से भी की थी शिकायत

इस पूरे घटनाक्रम के बाद जिले के कई आरामशीन संचालक भी एकत्रित हुए और खिलचीपुर विधायक हजारीलाल दांगी को एक ज्ञापन सौंपा जिसमें सोनगिरा द्वारा आए दिन रुपयों की मांग करने अन्यथा आरामशीनों को सील करने के आरोप लगाए गए थे।

### डीएफओ द्वारा गठित जांच कमेटी ने पाया दोषी

सोशल मीडिया पर डिप्टी रेंजर द्वारा रुपयों के लेनदेन की खुलेआम बातचीत वायरल होने के बाद विभाग की खासी किरकिरी हुई। मामले को गंभीरता से लेते हुए डीएफओ ने एसडीओ दिनेश कुमार यादव की अध्यक्षता में जांच कमेटी गठित की। उक्त कमेटी की जांच में आरामशीन संचालकों से लेनदेन की पुष्टि होने एवं मप्र सिविल सेवा आचरण नियमों के विपरीत कार्य करने पर डीएफओ विजय कुमार ने डिप्टी रेंजर मोहन सोनगिरा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

---

### जनपद पंचायत के नवीन भवन के शीघ्र निर्माण की तैयारी तेज

# आवंटित भूमि का मंत्री पंवार ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

मोहनीपुरा (ब्यावरा) में जनपद पंचायत के नवीन कार्यालय भवन के लिए आवंटित भूमि का निरीक्षण मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री एवं स्थानीय विधायक नारायण सिंह पंवार द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा कर भवन निर्माण से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं की समीक्षा की गई। मंत्री पंवार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लगभग 5 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाले इस नवीन भवन का कार्य 1 साल के अंदर समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनपद भवन का निर्माण ग्रामीण विकास से जुड़े कार्यों को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, इसलिए प्रत्येक चरण पर पारदर्शिता और मानकों का पालन अनिवार्य है। निरीक्षण के दौरान मंत्री पंवार ने कहा कि आज प्रदेश में मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में जनकल्याण और विकास की योजनाएं रिकॉर्ड गति से आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का संकल्प है कि हर क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हो और प्रत्येक नागरिक तक सरकार की योजनाओं का लाभ समय पर पहुँचे। जनपद के नवीन भवन का निर्माण भी इसी विकास यात्रा की एक महत्वपूर्ण कड़ी है।

### उपस्थित अधिकारियों ने दिए सुझाव

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने भवन निर्माण से संबंधित प्रारंभिक प्रस्ताव, तकनीकी बिंदुओं, आवश्यक सुविधाओं और समयसीमा पर अपने सुझाव भी प्रस्तुत किए। मंत्री पंवार ने सभी आवश्यकताओं का संज्ञान लेते हुए निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

## स्कूल में बाल दिवस पर हुआ आयोजन



जीरापुर। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिवस बाल दिवस के उपलक्ष्य में महर्षि पब्लिक हायर सेकंडरी में बाल मेले का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि थाना प्रभारी रवि ठाकुर, संस्था अध्यक्ष दिनेश जमींदार व अजय टेलर देवनारायण दांगी ने मां सरस्वती और जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा पर पूजा अर्चना कर माल्यार्पण किया और फीता काटकर मेले का शुभारंभ किया। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षकों सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं आदि उपस्थित रहे इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा अनेकों स्वादिष्ट व्यंजनों के विभिन्न स्टाल लगाए गए। जिसमें गरमा गरम पोहा, समोसा, कचोरी, दही बड़े , पलक बड़े , खमंड, पानी पुरी, ड्राई फ्रूट, फल फ्रूट, मक्का, ज्वार की देसी राबड़ी, पास्ता, पकौड़ी ,ढोकला भेल सहित अनेकों गेम्स की दुकानें की 54 दुकानें मेले में लगाई गई। इस दौरान बच्चों को व्यापार कैसे किया जाता है और व्यापार में किस प्रकार से मुनाफा कमाया जाता समझाया। बच्चों ने भविष्य में व्यापार करने की योजना बनाई शिक्षा के साथ व्यावसायिक शिक्षा भी दी गई।

---

### आनन-फानन में जिला अस्पताल के आईसीयू में कराया भर्ती

# पारिवारिक विवाद के चलते युवक ने एसपी ऑफिस के पास खाया जहर



राजगढ़। शुक्रवार शाम अचानक हुए एक घटनाक्रम में अपने किसी मामले का निराकरण न होने के चलते एक युवक जहर खाकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच गया। यहां उसकी तबीयत बिगड़ने पर एसपी के निर्देशों पर एसडीओपी, टीआई सहित अन्य उच्चाधिकारियों ने तत्काल संबंधित युवक को जिला अस्पताल के आईसीयू वार्ड में भर्ती करवाया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार अपनी पत्नी एवं पारिवारिक विवादों के चलते युवक ने यह कदम उठाया। जिला अस्पताल में एमडी मेडीसिन डॉ. सुधीर कलावत द्वारा त्वरित इलाज शुरू किया गया जिसके बाद युवक की स्थिति में सुधार आया। हालांकि, खबर लिखे जाने तक वो बयान देने की स्थिति में नहीं था।

### कोई समस्या लेकर पहुंचा था युवक

जानकारी के अनुसार अरुण पिता सुरेश जाटव निवासी ग्राम ढाबली, खुजनेर शुक्रवार शाम को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा। एसपी ऑफिस या एसपी ऑफिस के बाहर अरुण ने कोई जहरीला पदार्थ खा लिया था जिसके चलते उसकी तबीयत बिगड़ने पर उसे उल्टियां होने लगी। एसपी को जानकारी लगने पर उन्होंने तुरंत उच्चाधिकारियों के साथ युवक को जिला अस्पताल भिजवाया जहां उसे आईसीयू वार्ड में भर्ती करवाया गया। सूत्रों के अनुसार जहर खाने वाला युवक अरुण अपनी किसी समस्या को लेकर खासा परेशान था। समस्या का समाधान न होने के चलते उसने यह जानलेवा कदम उठाया लिया। खबर लिखे जाने तक युवक की स्थिति सामान्य बनी हुई थी।

### जंगली जानवरों के झुंड से किसान परेशान, फसलें हो रहीं चौपट



सारंगपुर। क्षेत्र में लगातार बढ़ रही जंगली जानवरों की संख्या अब किसानों के लिए बड़ा संकट बनती जा रही है। हालात ऐसे हैं कि सैकड़ों की संख्या में घोड़ा-रोज के झुंड खुले में विचरण करते हुए किसानों की खड़ी फसलों को व्यापक नुकसान पहुंचा रहे हैं। इनके साथ हिरणों के झुंड भी खेतों में घुसकर फसलें बर्बाद कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि जंगली जानवरों से हो रहे नुकसान के कारण उन्होंने कई परंपरागत फसलों का उत्पादन बंद कर दिया है। मजबूरी में अब केवल सोयाबीन जैसी सीमित खरीफ फसलों की बुवाई कर रहे हैं, जो लगातार कई वर्षों से अतिवृष्टि की मार झेल रही है। क्षेत्र के किसान विष्णु नागर, नितेश नागर, भैंसवा माताजी के ग्रामीणों सहित किसान संघ के जिला संगठन मंत्री देवनारायण नागर ने क्षेत्रीय विधायक एवं राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल तथा सांसद रोडमल नागर से मांग की है कि शाजापुर के कालापीपल क्षेत्र की तरह यहां भी अफ्रीकी कंपनी की 'बोमा पद्धति' से घोड़ा-रोज और काले हिरणों का बड़े स्तर पर रेस्क्यू कराया जाए, ताकि किसानों की समस्याओं का स्थायी समाधान हो सके।

# बालदिवस : गंज स्कूल में बालमेले की 40 साल पुरानी परंपरा हुई खत्म, स्कूल के मैदान में सन्नाटा

### शिक्षा विभाग भी बालमेला शुरू करवाने में नहीं दिखा रहा दिलचस्पी



राजगढ़। स्वतंत्रत भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरु का जन्मदिवस 14 नवंबर को बाल-दिवस के रूप में मनाया जाता है। बालदिवस पर राजगढ़ नगर के मेन मार्केट गंज स्कूल में बीते करीब 40 सालों से बालमेले का आयोजन करवाया जाता रहा है लेकिन कल गंज स्कूल का पूरा मैदान सपाट नजर आया और यहां किसी तरह का कोई बाल-मेला आयोजित नहीं किया गया।

शिक्षा विभाग ने दो-तीन वर्षों पूर्व से गंज स्कूल में बाल-मेला आयोजन अचानक बंद कर दिया था। इसके बाद से यहां बालमेले का आयोजन नहीं किया गया। हालांकि, बालमेला न लगने की बात जिन बच्चों, महिलाओं या आमजनों को नहीं थे वे बालमेले का लुत्फ लेने जब स्कूल पहुंचे तो गंज स्कूल के मैदान में सन्नाटा पसरा देख कई तरह की बातें करते हुए वापस अपने-अपने घरों को लौट गए।

### *बच्चों, शिक्षिकाओं द्वारा लगाए जाते थे व्यंजनों के स्टॉल*

*आपको बतादें कि राजगढ़ नगर के सबसे पुराने गंज स्कूल में सन 1980 से बालमेले का आयोजन होता आ रहा था। इस बालमेले में विभिन्न स्कूलों के बच्चों, शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा तरह-तरह के व्यंजन इत्यादि बनाए जाते थे जिन्हें आमजन खरीदकर बड़े चाव से खाते थे। इसके साथ ही पंडित नेहरु के जन्मदिवस को यादगार बनाने मेले में अन्य आयोजन भी हुआ करते थे। परन्तु, अब यह बालमेला अतीत की बात हो चुकी है। शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारी भी यहां बालमेले आरंभ करवाने हेतु उत्सुक नजर नहीं आ रहे हैं। हालांकि, राजगढ़ सहित जिले के अन्य स्कूलों में बालदिवस खासा धूमधाम से मनाया गया और विभिन्न स्कूलों में चाचा नेहरु के जन्मदिवस पर कई तरह के आयोजन रखे गए।*

---

## पत्थर पीठा बाजार की दुकानें शांति धाम मार्ग पर शिफ्ट होंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़



पत्थर पीठा बाजार में बनने वाले शॉपिंग कॉम्पलेक्स के कारण वर्षों से संचालित अस्थायी दुकानों को हटाकर शांति धाम मार्ग पर शिफ्ट किया जाएगा। शुक्रवार को विधायक मोहन शर्मा ने नगर पालिका टीम के साथ स्थल निरीक्षण कर नए स्थान का चयन किया। करीब 4.54 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस कॉम्प्लेक्स में 144 दुकानें, नाला, सीसी रोड, पब्लिक टॉयलेट, ड्रेनेज, फुटपाथ, पेवर ब्लॉक और लाइटिंग सहित सभी मूलभूत सुविधाएं विकसित की जाएंगी। विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि पुराने दुकानदारों को वैकल्पिक स्थान उपलब्ध कराया जा रहा है। वहीं सीएमओ अभिषेक जैन ने बताया कि कॉम्प्लेक्स निर्माण शुरू होते ही क्षेत्र का सौंदर्यीकरण और सुविधाएं बेहतर होंगी।

### कलेक्टर और एसपी भी बाइक पर हुए सवार

# बाल विवाह मुक्ति का संदेश देने निकाली बाइक रैली



राजगढ़। राजगढ़ जिला सालों से बाल सगाई एवं बाल विवाह का दंश झेल रहा है। हालांकि, इन कुप्रथाओं के उन्मूलन के लिए पुलिस, प्रशासन, सामाजिक व अन्य संस्थाओं, न्याय विभाग द्वारा कई जागरुकता कार्यक्रम शुरू किए गए हैं ताकि लोग बाल-विवाह के दुष्परिणामों को जान सकें।

इसी कड़ी में विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में शुक्रवार को प्रशासन, पुलिस विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग के अधिकारी, कर्मचारी के साथ ही अधिवक्ता, समाजसेवियों एवं अन्य व्यक्तियों के सहयोग से बाइक रैली का आयोजन करवाया गया। प्रधान जिला न्यायाधीश राजीव आप्टे ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रैली में कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा एवं एसपी अमित तोलानी भी हेलमेट लगाकर बाइक रैली में शामिल हुए। जागरूकता बाइक रैली का मुख्य उद्देश्य जिला राजगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचलित बाल विवाह प्रथा के उन्मूलन के लिए जागरूकता पैदा करना था।

## भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर कार्यक्रम आयोजित



शुजालपुर। शनिवार को गीता सुतारिया शिक्षण संस्थान कड़वाला द्वारा जनपद शुजालपुर में बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। समारोह का शुभारंभ बिरसा मुंडा की छायाचित्र पर माल्यार्पण व सभी को भगवा पट्टी पहनकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर राम भरोसन भिलाला ने कहा कि बिरसा मुंडा जनजातीय गौरव और स्वतंत्रता संग्राम के महानायक थे। ग्राम पंचायत सरपंच हेमंत कुमार राठौर कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में नरेंद्र सिंह मकवाना शिक्षकों और वक्ताओं ने भी उनके योगदान को याद किया। ग्राम के अंकुर संस्थान के सामाजिक कार्यकर्ता दिनेश कुमार पुरबिया ने कहा कि बिरसा मुंडा ने अपनी कुशल रणनीति और अदम्य साहस से अंग्रेजों से लोहा लिया। रामजी पाटीदार ने उन्हें जनजातीय वर्ग के मसीहा बताते हुए कहा कि उन्होंने देशभक्ति के साथ-साथ वंचित वर्गों के उत्थान के लिए भी कार्य किए। सूरज भिलाला ने कहा आज का यह आयोजन विद्यार्थियों को देशभक्ति, साहस और जनजातीय गौरव की सीख देने वाला है। अरुण भिलाला ने कहा कि बिरसा मुंडा जी महानायक और युग पुरुष थे, जो शौर्य, वीरता और देशभक्ति के प्रतीक हैं। सूरज भिलाला मदन वर्मा जितेंद्र परमार ने बिरसा मुंडा जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

---

### बिहार में हुई प्रचंड जीत से उत्साहित भाजपाईयों ने मनाया जश्न,एक-दूसरे को

# जनता अब केवल सर्वांगीण विकास, सुशासन और सही नीतियों पर भरोसा करती है : मंत्री नारायण सिंह पंवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा-राजगढ़






बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की शानदार जीत के रुझानों के बाद ऐतिहासिक जीत मिलने पर भारतीय जनता पार्टी मंडल ब्यावरा ने मंत्री नारायण सिंह पवार के नेतृत्व में पीपल चौराहे पर जमकर आतिशबाजी की और मिठाइयां बांटी। बिहार में एनडीए सरकार की जीत पर कार्यकर्ताओं ने जमकर जश्न मनाया गया। बीजेपी समर्थकों ने नरेंद्र मोदी जिंदाबाद एनडीए सरकार जिंदाबाद, आतिशबाजी की और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। मंत्री नारायण सिंह पवार ने मध्य प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री मोहन यादव को बिहार की जीत की बधाई देते हुए कहा की हमारे मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बिहार में जितनी भी सभाए की सभी जगह भारतीय जनता पार्टी जीत दर्ज की है और उनका जादू बिहार में चला हर मतदाता के जुबान पर हमारे मुख्यमंत्री जी का नाम खूब आया और इसका लाभ बिहार की जनता को मिला।

विजय उत्सव का आभार मंडल महामंत्री दीपक समारे ने किया इस अवसर पर उपस्थित जनपद अध्यक्ष जगदीश गुर्जर वरिष्ठ भाजपा नेता नारायण सिंह सलारियाखेडी, भाजपा जिला महामंत्री अमित शर्मा, मंडल अध्यक्ष राजू यादव, रामनारायण डांगी नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाहा वरिष्ठ नेता अरविंद शर्मा, वरिष्ठ पार्षद गोपाल जाटव, वहीं राजगढ़ में भी एनडीए की प्रचंड बहुमत से हुई जीत से उत्साहित भाजपाईयों द्वारा जश्न मनाया गया। मुख्यालय पर बिरसा मुंडा चौराहे पर एकत्रित हुई पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी वहीं चौराहे पर जमकर आतिशबाजी भी की गई। इस अवसर पर उपस्थित भाजपा जिलाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर ने कहा कि यह जीत बिहार की नहीं बल्कि संपूर्ण देश की जीत है। इससे प्रधानमंत्री के हाथ और मजबूत होंगे। पूर्व राज्यमंत्री रघुनंदन शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा, जिला महामंत्री देवीसिंह सौंधिया ने कहा कि यह जीत हर उस हिन्दुस्तानी की जीत है जो देश से प्यार करता है।

### सुठालिया में भी बिहार जीत पर मनाई खुशियां

बिहार मे एनडीए की धमाकेदार जीत पर नगर में भाजपा कार्यकर्ताओ ने आतिशबाजी कर मनाई खुशियां स्थानीय बस स्टैंड चैराहे पर सुठालिया मंडल के पद अधिकारियों ने भारीआतिशबाजी कर आपस में एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाईयां दी नारेबाजी की। स्थानीय राम मंदिर चौराहे पर भी कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर जित का जश्न मनाया इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष श्याम सिंह सोंधिया वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज शर्मा नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि गिरिराज लोधी भाजपा पार्षद आकाश अग्रवाल ओमप्रकाश पालीवाल पूर्व पार्षद श्याम नामदेव शिवकुमार चक्रवर्ती हरिओम दिनेश वर्मा गौतम शर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता नागरिक शामिल थे।

### हायर सेकंडरी स्कूल कुरावर में रेडक्रॉस ने मनाया सेवा दिवस

कुरावर। शुक्रवार को स्थानीय हायर सेकंडरी स्कूल में रेडक्रास दल , स्काउट गाइड दल, छात्र छात्राएं, शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं प्राचार्य द्वारा सेवा दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर छात्र छात्राओं एवं स्टाफ ने विद्यालय में साफ सफाई कर सेवा कार्य किया तथा स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मरीजों को फल वितरित किए। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य अल्बिना टोप्पो, रेड क्रॉस प्रभारी संजय जायसवाल वरिष्ठ शिक्षक के सी नागर ,रीना मीणा ,तेजराम सेन, मुकेश लववंशी, तेज सिंह राठौर तथा महेश पुष्पद उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने किया घर-घर सर्वे कार्य का निरीक्षण, बीएलओ के कार्यों की समीक्षा की

गुना। जिले में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के घर-घर सर्वे कार्य की वास्तविक प्रगति जानने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री किशोर कुमार कन्याल ने शुक्रवार को शहर के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने शासकीय कस्तूरबा कन्या महाविद्यालय मतदान केंद्र क्रमांक 33, मतदान केंद्र क्रमांक 37 तथा आदर्श माध्यमिक विद्यालय पुरानी छावनी स्थित मतदान केंद्र क्रमांक 35 का मौके पर पहुँचकर सर्वे की स्थिति देखी। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बीएलओ द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। बीएलओ ने घर-घर सर्वे के दौरान फॉर्म वितरण, आवश्यक दस्तावेजों की फोटो ऐप के माध्यम से अपलोड करने सहित पूरी प्रक्रिया का प्रस्तुतिकरण किया। मास्टर ट्रेनर भी स्थल पर मौजूद रहे और गणना प्रपत्र भरने की प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रपत्र में तीन कॉलम हैं—पहले कॉलम में वर्तमान स्थिति, दूसरे में वर्ष 2003 की स्थिति, तथा यदि 2003 के आंकड़े उपलब्ध न हों तो तीसरे कॉलम में अतिरिक्त जानकारी दर्ज की जाएगी। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सर्वे कार्य पूर्ण पारदर्शिता और शुद्धता के साथ किया जाए, ताकि आगामी प्रक्रिया में किसी प्रकार की त्रुटि न रहे। निरीक्षण के दौरान एसडीएम शिवानी पांडे, तहसीलदार जीएस बैरवा एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### सरस्वती शिशु मंदिर में किया स्वास्थ्य परीक्षण



**जावर।** ग्राम भारती शिक्षा समिति जिला सीहोर द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर कुरावर में शासकीय आयुष्मान आरोग्य मंदिर कुरावर से डॉ. सुनंदा परिहार व डॉ. बबीता वर्मा एवं राकेश भूरिया द्वारा भैया बहनों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान भैया बहनों को निशुल्क दवाई वितरण की गई। इस अवसर का लाभ सरस्वती शिशु मंदिर कुरावर के समस्त भैया बहनों को मिला इस अवसर पर विद्यालय आचार्य परिवार जीवन सिंह पंवार, सत्यमसिंह ठाकुर एवं प्रधानाचार्य धीरजसिंह ठाकुर उपस्थित रहे।

### अभिभाषक संघ अध्यक्ष का किया स्वागत



**जावर।** अभिभाषक संघ आष्टा के अध्यक्ष निर्वाचित होने पर कृपाल सिंह एडवोकेट का साफा और माला पहना कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर स्वागत करने वाले में अजब सिंह एडवाइकेट, जितेन्द्र सिंह, तेजसिंह कप्तान, मनोज वेद, विजेंद्र सिंह, राजपाल सिंह ठाकुर, राजेंद्र सिंह, तेजसिंह, शिवन सोनी, वीरेंद्र पार्षद, सोबाल ठाकुर, लखन सिंह, संदीप एडवोकेट, गोपाल सिंह एडवोकेट, शैलेंद्र सिंह ऐडवोकेट, हरेंद्र सिंह, हेमंत गोयल, संजू मालवीय, जितेंद्र सिंह, ज्ञानसिंह, सतीश सेन, रजत सिंह, नरेंद्र सिंह,अरविन्द्र सिंह मेहतवाड़ा, चंचल पटेल आदि उपस्थित रहे।

### स्वामी अवधेशानंद महाराज आएंगे आष्टा



**आष्टा।** ददरौआ धाम मेहगांव भिंड में श्री हनुमान जी का चमत्कारिक प्रसिद्ध मंदिर है। इस मंदिर में हनुमान जी की प्रतिमा डॉक्टर रूप में स्थित है। जिसके दर्शन हेतु भारी संख्या में देश विदेश से श्रद्धालुजन अपने कष्टों के निवारण हेतु यहां आते हैं। आष्टा पर स्वामी अवधेशानंद की सदैव सद कृपा रही है। स्वामी जी द्वारा स्थापित प्रभु प्रेमी संघ की और से युवा सक्रिय सदस्य शुभम शर्मा ने विगत दिवस यहां पहुंच कर कथा का श्रवण किया। स्वामी जी से भेंट कर कार्तिक पूर्णिमा को ये चमक ये दमक सब कुछ सरकार तुम्हीं से है फेम भजन गायक सुधीर व्यास की विशाल भजन संध्या व पादुका पूजन जिसको साहू परिवार के सहयोग से संघ ने सफलता पूर्वक आयोजित किया गया था। जानकारी देकर स्वामी जी से आग्रह किया कि विगत नौ वर्षों से आपका शुभ आगमन आष्टा नहीं हुआ है आष्टा के श्रद्धालु जन दर्शन और आपके प्रवचन चाहते है सद गुरुदेव ने कहा कि आष्टा की आस्था अनूठी है। मै स्वयं आष्टा के भोले भाले और कर्मठ श्रद्धालु जन तथा मां पार्वती के दर्शन करने तथा श्रद्धालु जन को प्रणाम करने शीघ्र आष्टा आऊंगा। अध्यक्ष सुरेश पालीवाल, महासचिव प्रदीप प्रगति सहित संघ ने श्रद्धालु जन के आराध्य के प्रति आभार प्रेषित किया है।

### बाल दिवस के अवसर पर स्कूलों में लगे बाल मेले, बच्चों ने लगाए स्टॉल

# व्यंजनों की खुशबू से महक उठा परिसर बच्चे बने व्यापारी, पालकों ने खरीदी सामग्री





खाने-पीने की सामग्री लेकर मेले में पहुंचे बच्चों ने दुकानें लगाकर बेची।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा/ सिद्धिगंज

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मॉडर्न पब्लिक हासे स्कूल में बाल-मेले का आयोजन धूमधाम के साथ किया गया। बाल मेला कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि बीआरसी अजब सिंह राजपूत, संस्था के मार्गदर्शक एसएल परमार, प्राचार्य शैलेंद्र सिंह ठाकुर, उपप्राचार्य विकास चौरसिया, बीएल मालवीय, रवि पाठक द्वारा मां सरस्वती का पूजन के साथ फीता काट कर की गई। कार्यक्रम में कई तरह के स्टाल लगाये गये थे। कार्यक्रम का समय सुबह 09:30 बजे से लेकर दोपहर 3:30 बजे तक का था। कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण का केन्द्र मॉडर्न डिस्को, भूत बंगला व रेस्टोरेन्ट रहा।

इसी के साथ कार्यक्रम के प्रत्येक स्टॉल से लोगों ने बच्चो द्वारा बनाये तरह तरह के व्यंजनो का भी लुफ्त उठाया। आयोजित हुए बाल मेले मे लगभग तीन हजार लोग उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम में आष्टा शहर के नागरीकगण उपस्थित हुए। कार्यक्रम में पधार कर बच्चों का उत्साह वर्धन ही नही किया बल्की बच्चों की इस बेहतरीन मेहनत के लिए उनकी सराहना भी की, साथ ही परीवार को भी बधाई दी। वहीं संचालकगण व प्राचार्य द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित हुए नागरीकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा की आपने अपना बहुमुल्य समय निकाल कर बच्चों का जो उत्साह वर्धन किया। हैं। उसके लिये हमारा पूरा शाला परीवार आपका बहुत बहुत आभारी है। संचालक मंडल व शाला परिवार के मार्गदर्शक एसएल परमार, केएल परमार, बीएस ठाकुर और समिति अध्यक्ष अभिषेक परमार, प्राचार्य शैलेन्द्र सिंह ठाकुर, उपप्राचार्य विकास चौरसिया, बीएल मालवीय, रवि पाठक, राजेश बड़ोदिया, रजत धारवा, संदीप ठाकुर, निर्मला सारसिया, करिश्मा चौपड़ा, अंजली चौरसिया, अंजु नावड़े, नीता सक्सेना, ईशा जैन, पायल ठाकुर, पूजा ठाकुर सना अली, अपेक्षा पेरवाल, तेजू मेवाड़ा, विधि चौहान, आयुषी जैन, लक्ष्मी चौरसिया, ज्योति राजपूत आदि ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

#### सिद्धिगंज में लगा मेला

बाल दिवस के उपलक्ष में ग्राम सिद्धिकगंज में दिशा दर्शन इंटरनेशनल स्कूल के बालक बालिकाओं द्वारा तरह-तरह के स्टाल लगाए गए। जिसमें ग्राम के लोगों द्वारा व छात्र पलकों द्वारा छोटे-छोटे बालक बालिकाओं के स्टॉल से खाने की सामग्री ली गई। वही ग्रामीणों द्वारा बालक-बालिकाओं का हौसला बढ़ाया। दिशा दर्शन इंटरनेशनल स्कूल के बालक बालिकाओं द्वारा बड़े उत्साह के साथ स्टॉल लगाया गया। स्टॉल में विभिन्न प्रकार की सामग्री रखी गई। बालक बालिका के अनुसार सामग्री को बेचा गया। यह कार्यक्रम बड़े आनंद व उत्साह के साथ बालक बालिकाओं द्वारा मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्राचीन बगवाई माता मंदिर परिसर में रखा गया।

## गोकुलधाम पर बाल दिवस पर बच्चों और अभिभावकों ने लिया व्यंजनों और खेलों का आनंद




बाल दिवस पर शुक्रवार को शहर के गोकुलधाम गार्डन में बाल मेले का आयोजन किया गया। जय श्री ज्वेलर्स द्वारा आयोजित इस मेले में बड़ी संख्या में शहरवासी जुटे और विभिन्न व्यंजनों का स्वाद लेते हुए त्योहार जैसा माहौल बना। इस वर्ष बाल मेला पहली बार इतने बड़े पैमाने पर आयोजित किया गया, जिसमें 30 से अधिक स्टॉल लगाए गए। बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले और कई तरह के खेलों की व्यवस्था की गई। शाम ढलते ही रंग-बिरंगी आतिशबाजी ने पूरे माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। इस्कॉन केंद्र की ओर से शाम को भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में एसडीओपी आकाश अमलकर, जनप्रतिनिधि और शिक्षकगण सहित कई गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की। आयोजन समिति के कैलाश दादा दयालु ने सभी बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उन्हें निरंतर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि मेले में लगे विभिन्न व्यंजन अनेकता में एकता का प्रतीक हैं। शनिवार को भी पूरे दिन शहरवासी मेले का आनंद लेंगे और शाम को विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। समापन समारोह में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और नागरिकों की मौजूदगी रही।

#### निजी संस्थानों में भी मनाया बाल दिवस

शास्त्री स्मृति विद्या मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल में भी बाल दिवस कार्यक्रम उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण से हुई। संस्था प्रमुख प्रेम नारायण शर्मा, नन्हे-मुन्ने बच्चों, शिक्षकों और अभिभावकों ने सामूहिक रूप से शामिल हुए। स्कूल में आयोजित बाल मेले में विभिन्न व्यंजनों और खेलों के स्टॉल लगाए गए, जिनमें भेल, पानी पूरी, खमण, मोमोस, साबूदाना बड़ा, मुंगेड़े, गुलाब जामुन सहित कई स्टॉल बच्चों ने स्वयं लगाए। बच्चों, अभिभावकों और शिक्षकों ने इनका भरपूर आनंद लिया। संचालन शिक्षक संजीव दीक्षित ने किया और अंत में सुनील शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया। बाल मेले ने न केवल बच्चों का उत्साह बढ़ाया, बल्कि रचनात्मकता और एकता का संदेश भी दिया।

## मार्टिनेट स्कूल में हुआ क्रिएटिव किड्स कार्निवल



नगर के अलीपुर में स्थित मार्टिनेट कान्वेन्ट हॉयर सेकेंड्री स्कूल में बाल मेले का आयोजन किया गया। प्रत्येक क्लास रूम को रेस्टोरेंट का स्वरूप प्रदान किया। विद्यार्थियों द्वारा पुरे विद्यालय भवन को एक व्यवसायिक मॉल में बदल दिया। मिक्की माउस व विभिन्न प्रकार के झूले के द्वारा इसे आनन्द उत्सव का रूप दिया। मेले का उद्घाटन नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने रिबिन काटकर किया। अतिथियों के रूप में पार्षद रवि शर्मा, सलीम खान, बीआरसीसी अजबसिंह राजपूत, पत्रकार नरेन्द्र गंगवाल उपस्थित थे। जिनके साथ विद्यालय के संचालक नौशे खान, प्रबंधक विनीत कुमार त्रिवेदी, प्राचार्या प्रीति त्रिवेदी व विद्यालय प्रबंधन टीम से रेखा शर्मा, अतुल जैन सुराणा, शिखा तिवारी, कुशल भूतिया, और राखी यादव उपस्थित थे। उद्घाटन के बाद विद्यालय के संगीतकक्षा के विद्यार्थियों द्वारा सस्वर सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। छात्रा जिकरा शेख द्वारा एक स्पीच के माध्यम से पं. जवाहरलाल नेहरू के साथ बिरसा मुडा को भी याद किया गया।

मेले का पूर्व नगरपालिक अध्यक्षा डॉ. मीना सिंगी, पत्रकार दिनेश शर्मा, नवीन शर्मा, रशीद नेता, धनंजय जाट, वार्ड 14 की पार्षद तारा कटारिया, डॉ. हसीब अहमद, पत्रकार फैजुद्दीन, राजीव गुप्ता, संजय राजा द्वारा भी निरीक्षण किया गया। मेले मे आकर्षक सेल्फी पाईंट्स, एक पुलिस सहायता का केन्द्र का मॉडल, एक मेडिकल बूथ का मॉडल और बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर आदिवासी जननायको की जीवन की झलक को दिखाते हुए एक प्रदर्शनी भी लगाई। जिसमें छोटे बच्चें पुलिस ऑफिसर, डॉक्टर, तथा इन आदिवासी जननायकों की वेशभूषा मे आकर्षण का केन्द्र बने हुए थे। मेले मे भारी संख्या मे नगरवासियों और अभिभावक गणों की उपस्थिति रही मेले मे लगाया गया भूतों का महल अंत तक विशेष आकर्षण का केन्द्र बना रहा। मेले के समापन पर विद्यालय परिसर मे पुरूस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया।जिसमें पूर्व मे हुई राखी मेकिंग प्रतियोगिता, मटकी डेकोरेशन प्रतियोगिता के विजेताओं के साथ संभागीय स्तर पर बालरंग आयोजन मे लोकनृत्य की विजेता टीम को मेडल और प्रमाण पत्र के साथ पुरूस्कृत किया गया तथा उत्कृष्ट कार्य के लिये जूनियर और सिनियर केबीनेट के सभी सदस्यों को भी सम्मानित किया गया एवं बेस्ट फूड आयटम, बेस्ट डेकोरेटिव स्टॉल, बेस्ट ड्रेसअप के लिये भी स्टॉल के प्रभारी सहित उस स्टॉल के विद्यार्थियों के गुप को ट्रॉफी प्रदान की गई और इसी के साथ इस भव्य आयोजन का समापन हुआ इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक/शिक्षिकाओं सोनिका परमार, रानु गुर्जर, रीनू भदौरिया, सोनू सिसौदिया, ललिता नामदेव, वैष्णवी मेवाड़ा, किरण, सलोनी बिल्लौरे, ज्योति सिसौदिया, सोनाली सोनी, सविता ठाकुर, प्रियंका ठाकुर, संजना मीना, उर्मिला जायसवाल, रीना जावारिया, अन्हा शेख शुभी जैन, रागिनी नामदेव, अंश अडगले, साक्षी अजनोदिया, सोनू भूतिया, रागिनी मेवाड़ा, सरिता मेवाड़ा, अंकिता राठौर, सुष्मिता कालेलकर, रचना ठाकुर, मनीष चौरसिया तमन्ना वर्मा, मोतीलाल, जी.डी. बैरागी, अशोक महेश्वरी, चिराग सोनी, पंकज ठाकुर, हेमन्त पाण्डे, राजेश बड़ोदिया, सुल्ताना अली प्रांजल गोठानिया, मुस्कान वर्मा, जुनेद अंसारी का भरपूर सहयोग और उपस्थिति रही।

## जीत पर भाजपाईयों ने मनाया जश्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

बिहार विधानसभा चुनाव में मतदान के बाद से देश को बिहार में हुए विधानसभा चुनाव के परिणाम का इंतजार था जैसे जैसे परिणाम आते गए। वहीं शाम तक भाजपा एनडीए ने प्रचंड बहुमत हासिल कर नया कीर्तिमान बनाया। इसी को लेकर भाजपा जावर मंडल में स्थानीय गांधी चौक पर सभी पार्टी कार्यकर्ताओं ने ढोल धमाकों के साथ आतिशबाजी कर एक दूसरे को मिढ़ाई खिला कर बधाई दी और जमकर जश्न मनाया। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता बाबूलाल पटेल, कल्याण सिंह ठाकुर ,मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सिंह ठाकुर, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज वेद, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेंद्र केशव, संजय अजमेरा, महामंत्री राजा ठाकुर, धर्मेंद्र मालवीय, शिवम सोनी, अजय सिंह सेठ, कमल, राजेंद्र सेंधव, कृपाल सिंह ठाकुर, वीरेंद्र सिंह, कैलाश सोलंकी, राजू भावसार, संतोष जैन, सुनील लोधी, राजपाल ठाकुर, तेज सिंह भाटी, सूरज सिंह पटेल, हरेंद्र विश्वकर्मा, धर्मेंद्र ठाकुर, दयाराम परिहार, कृष्णपाल ठाकुर, मुकेश मकोडिया, हेमंत गोयल, केपी ठाकुर, ओमपाल सिंह, रमेश जोशी, संजय पांचाल, गोविंद राम मालवीय, रतन पोरवाल, पवन मालवीय, राजा अली आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

## खेतों में 10 और गांव में 24 घंटे बिजली का वादा भूले जिम्मेदार, याद दिलाने ग्रामीणों ने दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिद्धिगंज



बिजली विभाग की मनमानी के चलते क्षेत्र के ग्रामीण परेशान नजर आ रहे हैं। ग्राम सिद्धिगंज अंतर्गत आने वाले ग्राम पीथापुर, श्यामपुर, मगरदा, गोविंदपुरा, पिराना खेड़ी, पगारा झिरी आदि ग्रामीणों के किसानों ने बिजली विभाग के कार्यालय पहुंचकर अधिकारी को आवेदन दिया। आवेदन में किसानों ने बताया कि हमारे क्षेत्र में किसानों को पर्याप्त बिजली नहीं दी जा रही है। जिससे हम किसान काफी परेशान हैं।

किसानों का कहना है कि बिजली विभाग द्वारा न तो हमें खेतों के लिए पर्याप्त बिजली दे रही है, और न ही रहवासी क्षेत्र में 24 घंटे वाली बिजली दी जा रही है, जिससे हम काफी परेशान हैं। हम क्षेत्र के किसानों को मात्र 5 से 6 घंटे बिजली ही दे रहे हैं। जिसे भी बिजली विभाग द्वारा काट दी जाती है। जिससे हम क्षेत्र के किसान फसल में पलावा नहीं कर पा रहे हैं, तो वहीं बिजली विभाग द्वारा 24 घंटे की बिजली में सुबह 6 बजे बिजली काट देते हैं, शाम को 6 बजे बिजली देते हैं जिसमें भी रात में भी बिजली कटौती की जा रही है। हम सभी क्षेत्र के किसान व ग्रामीणों द्वारा सिद्धिगंज बिजली विभाग में आवेदन दे रहे हैं कि हमारे क्षेत्र में पर्याप्त बिजली दें। जिससे हम किसान व ग्रामीण अपने खेतों में आसानी से पानी से सिंचाई कर सके। गोविंदपुरा उपसरपंच भूर सिंह बरेला ने बताया कि प्रदेश के मुख्य किसानों को 10 घंटे बिजली व घरेलू बिजली 24 घंटे देने का वादा किया था। लेकिन हमारे क्षेत्र में बिजली विभाग द्वारा अत्यधिक मात्रा में बिजली कटौती कर रहे हैं। जिससे हम सभी क्षेत्र के किसान और ग्रामीण काफी परेशान है। ग्रामीण व किसान बसंती लाल, थावर सिंह, राकेश, सियाराम, भूर सिंह, थावर सिंह, श्यामलाल, राकेश, दिनेश, मोहनलाल, जीवन सिंह, भेरूलाल आदि किसानों का कहना है कि हम किसानों को यदि पर्याप्त बिजली नहीं दी जाएगी तो हम कलेक्टर को आवेदन देंगे।

### भारत निर्वाचन आयोग के दल ने एसआईआर कार्य की प्रगति समीक्षा की

# ‘पारदर्शिता के साथ तैयार की जाएगी मतदाता सूची’

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य जारी है। एसआईआर कार्य की मॉनिटरिंग के लिए भारत निर्वाचन आयोग से आए 2 सदस्यीय दल सचिव भारत निर्वाचन आयोग श्री विनोद कुमार एवं अपर सचिव भारत निर्वाचन आयोग मनीष कुमार ने शुक्रवार को कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक लेकर एसआईआर की तैयारियों व प्रगति की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ऋतुराज सिंह, नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार, अपर कलेक्टर शोभाराम सोंलकी सहित जिले के सभी एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर और संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में एसआईआर कार्य की प्रगति, चुनौतियां एवं सुधारात्मक उपायों पर चर्चा हुई। भारत निर्वाचन आयोग के दल ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की तैयारियों व किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली।

इस दौरान बताया गया कि जिले में मतदाताओं की हेल्प के लिए हेल्प डेस्क बनाया गया है। जिला स्तर पर कंट्रोल रूम बनाया गया है। ग्रामीण क्षेत्र में पंचायत स्तर एवं शहरी क्षेत्र में वार्ड स्तर पर हेल्प डेस्क बनाया गया है। सभी बीएलओ घर-घर जाकर फॉर्म वितरण कर रहे हैं। सचिव विनोद कुमार ने कहा कि एसआईआर कार्य 2003 के बाद अब हो रहा है, इसलिए सभी ईआरओ एवं बीएलओ कार्य को गंभीरता पूर्वक करें ताकि कार्य में कोई भी त्रुटि नहीं न हो और पारदर्शिता पूर्वक कार्य हो। उन्होंने विधानसभावार ईआरओ से एसआईआर कार्य की प्रगति की जानकारी ली एवं निर्देश दिए मैपिंग कार्य में प्रगति लाए। उन्होंने निर्देश दिए कि शत प्रतिशत लक्ष्य को समयावधि में पूर्ण करें। जिन बीएलओ द्वारा अच्छा कार्य किया जा रहा है, वो अन्य बीएलओ को भी प्रशिक्षित करें।बैठक में कुमार ने निर्देश दिए कि सभी मतदाताओं तक फॉर्म अवश्य पहुंचे और फॉर्म भरने में समस्या आने पर बीएलओ द्वारा मतदाताओं की सहायता की जाए। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लापरवाही करने पर संबंधित पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। सभी ईआरओ एवं बीएलओ को संपूर्ण जानकारी होनी चाहिए, जिससे कार्य में काई त्रुटि न हों। बैठक में मैदानी स्तर पर कार्य कर रहे बीएलओ से चर्चा की।

## बाल मेले में हुआ सांसद खेल उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद




पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खामखेड़ा जात्रा में पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर विद्यालय में छात्र-छात्राओं द्वारा खेल व्यंजन व मेले का आयोजन किया। मेले में कई प्रकार के स्टाल लगाये जहां पर चाट पकौड़ी ब्रेड पकोड़ा जाम मिर्ची पकोड़ा इत्यादि व्यंजन बनाए। वही बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम किया गया। ग्रामीण क्षेत्र से पधारे सभी जनप्रतिनिधियों ने बाल मेले का आनंद लिया। इस अवसर पर सांसद खेल उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें कई प्रकार के गेम्स कबड्डी, रस्सी कूद, बैडमिंटन, कुर्सी दौड़, खो-खो सहित कई प्रकार के खेलों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू गुणवान, भाजपा मंडल अध्यक्ष शिव पाटीदार, मंडल महामंत्री यशवंत सिंह ठाकुर, सतीश सोनाणिया, सरपंच प्रतिनिधि प्रेम नारायण वर्मा, लाखन सिंह ठाकुर, पूर्व सरपंच पीटीए अध्यक्ष बहादुर सिंह ठाकुर, अकेसिग ठाकुर, पूर्व सरपंच भील खेड़ी, संस्था प्राचार्य कल्याण सिंह ठाकुर, शिक्षक विनोद धरवा, कुमेर सिंह ठाकुर, राजेंद्र शर्मा, अमरुद्दीन, रामचरण मालवी, गजराज सिंह, हरि कुमार मालवी, गंगाराम चौहान, करण सिंह मालवी, विक्रम सिंह जांगड़ा, आनंद जायसवाल, रवि वर्मा, पंकज मल्हारिया, राजेश बड़वानी, पवन शर्मा, शरद मालवीय, अजय सिंह ठाकुर, रोशनियां गिरोटिया, मधु मालवीय, रेखा मलेशिया, किरण गुर्जर, नूपुर खरे, कोमल मालवी, अन्नपूर्णा मालवीय, नागोरी मैडम व समस्त स्टाफ ने उपस्थित रहकर कार्यक्रम का सफल आयोजन किया।